# अभ्यास प्रश्न पत्र – 3
# कक्षा 9 हिन्दी
**(सत्र – 2026-27)**

**निर्धारित समय:** 3 घंटे **अधिकतम अंक:** 80

## सामान्य निर्देश
(1) इस प्रश्न-पत्र में कुल 15 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
(2) प्रश्न-पत्र चार खंडों (क, ख, ग और घ) में विभाजित है।
(3) खंड 'क' में 2 प्रश्न हैं और कुल 14 अंक हैं।
(4) खंड 'ख' में व्यावहारिक व्याकरण के कुल 20 एक-अंकीय प्रश्न पूछे गए हैं, जिनमें से केवल 16 प्रश्नों के उत्तर देने हैं। इस खंड के कुल 16 अंक हैं।
(5) खंड 'ग' में 5 प्रश्न हैं और कुल 30 अंक हैं।
(6) खंड 'घ' में 4 प्रश्न हैं और कुल 20 अंक हैं।
(7) जहाँ विकल्प दिए गए हैं, वहाँ दिए गए निर्देश के अनुसार ही उत्तर लिखिए।
(8) उत्तर क्रमशः प्रश्न-संख्या के अनुसार लिखिए और आवश्यकतानुसार शब्द-सीमा का ध्यान रखिए।

---

## खंड 'क'
## (अपठित बोध — 14 अंक)

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उसके आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **[7]**

आज के समय में ज्ञान प्राप्त करने के साधन पहले की तुलना में बहुत बढ़ गए हैं। पुस्तकें, समाचार-पत्र और पुस्तकालय तो पहले भी ज्ञान के महत्त्वपूर्ण स्रोत थे, किंतु अब इंटरनेट ने सूचना के संसार को अत्यंत व्यापक बना दिया है। विद्यार्थी कुछ ही क्षणों में दुनिया के किसी भी विषय की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। फिर भी केवल जानकारी एकत्र कर लेना ज्ञान प्राप्त करना नहीं है। सही ज्ञान के लिए आवश्यक है कि विद्यार्थी मिली हुई सूचना को समझें, उसकी विश्वसनीयता जाँचें और उसके आधार पर अपने विचार विकसित करें।

डिजिटल माध्यमों का उपयोग करते समय सावधानी भी आवश्यक है। इंटरनेट पर मिलने वाली हर सूचना सत्य नहीं होती। कभी-कभी अधूरी या गलत जानकारी भी तेजी से फैल जाती है। इसलिए किसी जानकारी पर विश्वास करने से पहले उसके स्रोत की जाँच करनी चाहिए। विद्यार्थी यदि तकनीक का विवेकपूर्ण उपयोग करें, समय का संतुलन बनाए रखें और पुस्तकों के अध्ययन की आदत भी जारी रखें, तो आधुनिक तकनीक उनके व्यक्तित्व और ज्ञान-विकास में बहुत उपयोगी सिद्ध हो सकती है।

तकनीक का उद्देश्य मनुष्य की सोच को सीमित करना नहीं, बल्कि उसे अधिक सक्षम बनाना है। जब विद्यार्थी स्वयं प्रश्न पूछते हैं, अलग-अलग स्रोतों की तुलना करते हैं और अपने निष्कर्ष बनाते हैं, तभी वे सूचना को वास्तविक ज्ञान में बदलते हैं। इस प्रकार अध्ययन में पुस्तकों की गहराई और डिजिटल साधनों की व्यापकता—दोनों का संतुलित उपयोग सबसे अधिक लाभकारी है।

(i) गद्यांश के अनुसार केवल जानकारी एकत्र कर लेना ज्ञान क्यों नहीं है? **[1]**

(A) जानकारी बहुत जल्दी मिल जाती है।
(B) जानकारी को समझना और उसकी सत्यता जाँचना आवश्यक है।
(C) पुस्तकों में पर्याप्त जानकारी नहीं होती।
(D) इंटरनेट का उपयोग कठिन है।

(ii) डिजिटल माध्यमों के प्रयोग में किस बात की सावधानी रखनी चाहिए? **[1]**

(A) इंटरनेट का बिल्कुल उपयोग न किया जाए।

(B) केवल मनोरंजन की सामग्री देखी जाए।

(C) सूचना के स्रोत और विश्वसनीयता की जाँच की जाए।

(D) पुस्तकों का अध्ययन बंद कर दिया जाए।

(iii) कथन और कारण पर विचार कीजिए। कथन: तकनीक विद्यार्थियों के ज्ञान-विकास में सहायक हो सकती है। कारण: उसका विवेकपूर्ण और संतुलित उपयोग ज्ञान के अनेक स्रोत उपलब्ध कराता है। **[1]**

(A) कथन और कारण दोनों गलत हैं।

(B) कथन सही है, किंतु कारण गलत है।

(C) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण कथन की उचित व्याख्या करता है।

(D) कथन और कारण दोनों सही हैं किंतु कारण कथन की उचित व्याख्या नहीं करता।

(iv) सही ज्ञान प्राप्त करने के लिए विद्यार्थी को किन दो बातों का ध्यान रखना चाहिए? **[2]**

उत्तर: ______________________________________________

______________________________________________

(v) आधुनिक तकनीक और पुस्तकों के अध्ययन में संतुलन बनाए रखना क्यों आवश्यक है? **[2]**

उत्तर: ______________________________________________

______________________________________________

2. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उसके आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **[7]**

चलते रहना जीवन का पथ,
रुकना इसका नाम नहीं।
बाधाएँ यदि राह रोक लें,
मानो अपनी शाम नहीं।

मेहनत से जो दीप जलाएँ,
उनको तम डरपाता कब?
गिरकर फिर जो उठ जाते हैं,
हार उन्हें हर पाता कब?

सपनों को आकार वही दे,
जो श्रम से नाता रखता।
अपने साहस के बल पर ही,
मनुष्य नया इतिहास रचता।

(i) कविता का प्रमुख संदेश क्या है? **[1]**

(A) कठिनाइयों से दूर रहना

(B) निरंतर प्रयास और साहस बनाए रखना

(C) केवल सपने देखते रहना

(D) भाग्य पर निर्भर रहना

(ii) “मेहनत से जो दीप जलाएँ” का आशय है - **[1]**

(A) केवल दीपक जलाना

(B) श्रम से जीवन में सफलता और आशा लाना

(C) अँधेरे से डरना

(D) शाम होने की प्रतीक्षा करना

(iii) निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषताएँ सफल व्यक्ति के लिए आवश्यक बताई गई हैं? **[1]**

I. परिश्रम

II. साहस

III. निराशा

IV. पुनः प्रयास

(A) केवल I और II

(B) I, II और IV

(C) II और III

(D) केवल III

(iv) “गिरकर फिर जो उठ जाते हैं” पंक्ति मनुष्य के किस गुण की ओर संकेत करती है? स्पष्ट कीजिए। **[2]**

(v) काव्यांश के आधार पर बताइए कि मनुष्य नया इतिहास किस प्रकार रच सकता है। **[2]**

## खंड ‘ख’

### (व्याकरण - 16 अंक)

3. निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **[4]**

(क) 3 प्रश्नों में से किन्हीं 2 के उत्तर दीजिए

(i) ‘निहाल’ का एक समानार्थी शब्द लिखिए।

(ii) ‘वियोग’ का एक समानार्थी शब्द लिखिए।

(iii) ‘चितवन’ का एक समानार्थी शब्द लिखिए।

(ख) 3 प्रश्नों में से किन्हीं 2 के उत्तर दीजिए

(iv) ‘पैर पसारना’ मुहावरे का अर्थ लिखिए।

(v) ‘हाथ पसारना’ मुहावरे का अर्थ लिखिए।

(vi) ‘मन में ठानना’ मुहावरे का अर्थ लिखिए।

4. निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर लिखिए। **[4]**

(i) ‘अनावश्यक’ शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग तथा मूल शब्द अलग-अलग लिखिए।

(ii) ‘निरक्षरता’ शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग पहचानिए।

(iii) ‘अपमानित’ शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग लिखिए।

(iv) ‘सम्मानित’ शब्द में मूल शब्द और प्रत्यय अलग-अलग लिखिए।

(v) ‘अभिमानी’ शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय लिखिए।

TIWARI ACADEMY

5. निर्देशानुसार तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखिए। **[2]**

(i) निम्न वाक्य में उचित विराम-चिह्न लगाइए - मिट्ठू अब कैसे कटेगी

(ii) निम्न वाक्य में उचित विराम-चिह्न लगाइए - वाह कितना सुंदर समुद्र है

(iii) निम्न वाक्य में उचित विराम-चिह्न लगाइए - रामस्वरूप ने कहा उमा यहाँ बैठ जाओ

6. निम्नलिखित सात प्रश्नों में से किन्हीं छह के उत्तर लिखिए। **[6]**

(i) 'लता मंगेशकर संगीत की महान साधिका थीं।' वाक्य में व्यक्तिवाचक संज्ञा चुनकर लिखिए।

(ii) 'कन्याकुमारी का समुद्र अत्यंत सुंदर है।' वाक्य में जातिवाचक संज्ञा पहचानिए।

(iii) 'वीरता मनुष्य को कठिनाइयों से लड़ने की शक्ति देती है।' वाक्य में भाववाचक संज्ञा लिखिए।

(iv) 'वे अपने पिता को बहुत आदर से याद करती थीं।' वाक्य में सर्वनाम चुनकर लिखिए।

(v) 'मैं अपने परिवार को संदेश भेजना चाहता हूँ।' वाक्य में प्रयुक्त सर्वनाम लिखिए।

(vi) 'वह तो झाँसी वाली रानी थी।' वाक्य में निपात शब्द चुनकर लिखिए।

(vii) 'मैं भी तुम्हारे साथ चलूँगा।' वाक्य में प्रयुक्त निपात लिखिए।

## खंड 'ग'

### (पाठ्यपुस्तक - 30 अंक)

7. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए। **[5]**

"मेरे पिताजी कमाल के आदमी थे, जिन्हें मैंने हमेशा अपने काम और संगीत में डूबा हुआ ही देखा। उनकी ड्रामा कंपनी के नाटक रात नौ बजे शुरू होते थे और देर रात दो से तीन बजे तक जाकर समाप्त होते थे। एक नाटक के पाँच अंक होते थे। फिर उसमें लंबी-लंबी रागदारी वाले गायन की भी परंपरा थी। मेरे पिताजी की एक बड़ी विशेषता यह भी थी कि वे एक राग को गाते हुए उसमें सुर बदलकर भी अपना गायन करते थे। उस समय म्यूजिकल ड्रामा का बहुत चलन था। हमारे यहाँ कभी भी बिना म्यूजिक के कोई ड्रामा हुआ ही नहीं। एक नई बात मेरे पिताजी के नाटकों में यह भी थी कि वे पहली बार मराठी रंगमंच में कर्नाटक और पंजाब का संगीत लेकर आए।"

(i) प्रस्तुत गद्यांश में लता मंगेशकर अपने पिता की किस विशेषता को प्रमुखता से याद करती हैं? **[1]**

(A) व्यापार-कुशलता (B) संगीत के प्रति समर्पण

(C) राजनीतिक रुचि (D) यात्राओं का शौक

(ii) पं. दीनानाथ मंगेशकर के नाटकों की एक नवीन विशेषता क्या थी? **[1]**

(A) नाटकों में संगीत नहीं होता था।

(B) केवल मराठी लोकगीत गाए जाते थे।

(C) कर्नाटक और पंजाब के संगीत का समावेश किया गया था।

(D) नाटक केवल दिन में खेले जाते थे।

(iii) 'रागदारी वाले गायन' से क्या आशय है? **[1]**

(A) लोकनृत्य (B) शास्त्रीय संगीत

(C) अभिनय (D) संवाद-लेखन

(iv) **कथन**: लता मंगेशकर के पिता प्रयोगशील संगीतकार थे। **[1]**
**कारण**: वे एक राग में सुर बदलकर नया प्रभाव उत्पन्न कर सकते थे तथा विभिन्न क्षेत्रों का संगीत रंगमंच पर लाए।

(A) कथन सही, कारण गलत
(B) कथन गलत, कारण सही
(C) कथन और कारण दोनों सही तथा कारण कथन की उचित व्याख्या है
(D) कथन और कारण दोनों सही किंतु कारण कथन की उचित व्याख्या नहीं है

(v) गद्यांश के आधार पर पं. दीनानाथ मंगेशकर के व्यक्तित्व की कौन-सी दो विशेषताएँ उचित हैं? **[1]**
I. संगीत-साधना में तल्लीन
II. नवीन प्रयोग करने वाले
III. संगीत से उदासीन
IV. परिश्रम से दूर

(A) I और II
(B) II और III
(C) III और IV
(D) I और IV

8. निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए। **[6]**
(i) 'दो बैलों की कथा' में हीरा और मोती की मित्रता किन घटनाओं के माध्यम से प्रकट होती है? दो उदाहरण दीजिए।
(ii) 'क्या लिखूँ?' पाठ में लेखक निबंध-लेखन को सरल कार्य क्यों नहीं मानता? संक्षेप में लिखिए।
(iii) 'संवादहीन' कहानी में ताई और मिट्ठू के संबंध में आत्मीयता किस प्रकार विकसित होती है?
(iv) कन्याकुमारी के समुद्र और चट्टानों को देखकर लेखक के मन में कौन-कौन से भाव उत्पन्न होते हैं?

9. निम्नलिखित पद्यांश पर बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए। **[5]**

अब कैसे छूटै राम रट लागी।
प्रभुजी तुम चंदन हम पानी, जाकी अंग-अंग बास समानी।
प्रभुजी तुम घन बन, हम मोरा, जैसे चितवत चंद चकोरा।
प्रभुजी तुम दीपक, हम बाती, जाकी जोति बरै दिन राती।
प्रभुजी तुम मोती, हम धागा, जैसे सोने मिलत सुहागा।
प्रभुजी तुम स्वामी, हम दासा, ऐसी भगति करै रैदासा।

(i) "अब कैसे छूटै राम रट लागी" में कवि किस भाव को व्यक्त करता है? **[1]**

(A) सांसारिक मोह
(B) आराध्य के प्रति अटूट भक्ति
(C) युद्ध का उत्साह
(D) प्रकृति-प्रेम

(ii) “प्रभुजी तुम चंदन हम पानी” में भक्त और आराध्य का संबंध किस रूप में व्यक्त हुआ है? **[1]**

(A) विरोध के रूप में

(B) एक-दूसरे से असंबद्ध

(C) गहरे और अभिन्न संबंध के रूप में

(D) गुरु-शिष्य के विवाद के रूप में

(iii) “तुम दीपक, हम बाती” का भाव है- **[1]**

(A) भक्त आराध्य से दूर रहना चाहता है।

(B) भक्त का जीवन आराध्य से जुड़कर प्रकाशित होता है।

(C) दीपक का कोई महत्त्व नहीं है।

(D) भक्त स्वयं को आराध्य से श्रेष्ठ मानता है।

(iv) पद में चंदन-पानी, दीपक-बाती और मोती-धागा जैसे प्रयोग किस उद्देश्य से किए गए हैं? **[1]**

(A) युद्ध का वर्णन करने के लिए

(B) भक्त और भगवान के निकट संबंध को स्पष्ट करने के लिए

(C) प्रकृति का वैज्ञानिक वर्णन करने के लिए

(D) सामाजिक व्यवस्था की आलोचना करने के लिए

(v) इन पदों की प्रमुख विशेषता है- **[1]**

(A) अनन्य भक्ति और सरल लोकधर्मी भाषा

(B) हास्य और व्यंग्य

(C) वीर रस और युद्ध-वर्णन

(D) शहरी जीवन का चित्रण

10. निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए। **[6]**

(i) ‘राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद’ में राम और लक्ष्मण के स्वभाव में दिखाई देने वाला प्रमुख अंतर स्पष्ट कीजिए।

(ii) ‘भारति, जय, विजयकरे!’ कविता में भारत के प्राकृतिक सौंदर्य को किन प्रतीकों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है?

(iii) ‘झाँसी की रानी’ में लक्ष्मीबाई के बचपन को सामान्य बालिकाओं के बचपन से भिन्न क्यों कहा जा सकता है?

(iv) ‘घर की याद’ कविता में लगातार बरसता पानी कवि की मनःस्थिति और परिवार की स्मृतियों से किस प्रकार जुड़ जाता है?

11. निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50–60 शब्दों में लिखिए। **[8]**

(i) ‘रीढ़ की हड्डी’ एकांकी में विवाह के नाम पर लड़की को वस्तु की तरह परखने की मानसिकता पर व्यंग्य किया गया है। उमा के व्यवहार और कथनों के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि वह इस मानसिकता का विरोध किस प्रकार करती है।

(ii) ‘मैं और मेरा देश’ पाठ में नागरिक और देश के संबंध को केवल बड़े-बड़े भाषणों से नहीं, बल्कि छोटे-छोटे उत्तरदायी कार्यों से जोड़कर देखा गया है। पाठ के उदाहरणों के आधार पर इस विचार को स्पष्ट कीजिए।

(iii) ‘ऐसी भी बातें होती हैं’ और ‘आखिरी चट्टान तक’ दोनों पाठ जीवन-अनुभवों से जुड़े हैं, परंतु उनकी प्रस्तुति अलग-अलग विधाओं में हुई है। साक्षात्कार और यात्रा-वृत्तांत की दो-दो विशेषताएँ लिखते हुए अंतर स्पष्ट कीजिए।

# खंड 'घ'

## (लेखन - 20 अंक)

12. निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। **[6]**

(i) पुस्तकें हमारी सच्ची मित्र
संकेत-बिंदु: • ज्ञान और अनुभव का स्रोत • कल्पनाशक्ति एवं भाषा-विकास • डिजिटल युग में पुस्तकों की उपयोगिता

(ii) पर्यावरण संरक्षण - हमारी जिम्मेदारी
संकेत-बिंदु: • स्वच्छ जल, वायु और वन का महत्त्व • प्रदूषण की बढ़ती समस्या • विद्यार्थी के रूप में हमारा योगदान

(iii) परिश्रम ही सफलता की कुंजी
संकेत-बिंदु: • लक्ष्य और नियमित अभ्यास • असफलता से सीख • आत्मविश्वास और निरंतर प्रयास

13. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए। **[5]**

(i) आप कक्षा 9 के विद्यार्थी आरव/आर्या हैं। आपके विद्यालय के पुस्तकालय में हिंदी की उपयोगी पुस्तकों की संख्या कम है। प्रधानाचार्य को पुस्तकालय में नई हिंदी पुस्तकें मँगवाने का अनुरोध करते हुए पत्र लिखिए।

**अथवा**

(ii) अपने मित्र को नियमित अध्ययन और मोबाइल के संतुलित उपयोग का महत्त्व समझाते हुए लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए।

14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 80 शब्दों में ई-मेल/स्ववृत्त तैयार कीजिए। **[5]**

(i) आपके नगर में कई दिनों से सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा जमा होने की समस्या है। नगर निगम के स्वच्छता अधिकारी को समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए एक ई-मेल लिखिए और शीघ्र सफाई का अनुरोध कीजिए।

**अथवा**

(ii) आपके विद्यालय में पुस्तक मेले के आयोजन हेतु विद्यार्थी-स्वयंसेवकों की आवश्यकता है। आप आयोजन-समिति में कार्य करना चाहते हैं। अपनी रुचि, योग्यता और अनुभव का उल्लेख करते हुए लगभग 80 शब्दों में स्ववृत्त तैयार कीजिए।

15. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन/संदेश तैयार कीजिए। **[4]**

(i) आपके विद्यालय में 'हिंदी साहित्य सप्ताह' आयोजित किया जा रहा है, जिसमें कविता-पाठ, कहानी-वाचन और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता होगी। विद्यार्थियों को आकर्षित करने के लिए लगभग 40 शब्दों का प्रभावशाली विज्ञापन तैयार कीजिए।

**अथवा**

(ii) आपकी बड़ी बहन ने राज्य-स्तरीय संगीत प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उन्हें लगभग 40 शब्दों में एक भावपूर्ण बधाई-संदेश लिखिए।